वर्ष 5 अंक 203
पृष्ठ 14
शनिवार
28 जनवरी 2017
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण





# खेलकूद शिक्षा का अभिन्न अंग : ज्योतिर्मयी



पुरस्कार के साथ विजेता खिलाड़ी • जागरण

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** आसनसोल दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को चौथी वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड, अर्जुन अवार्ड, पद्मश्री अवार्ड और एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त सुश्री ज्योतिर्मयी सिकदर उपस्थित थी। कार्यक्रम का आरंभ मार्च पास्ट तथा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र छात्राओं की बोरा रेस, होपिंग रेस, ओरेंज रेस, 400 मीटर रिले रेस का आयोजन किया गया। बालक वर्ग रिले रेस में गंगा सदन प्रथम, झेलम सदन द्वितीय व यमुना सदन तृतीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग रिले रेस में रावी सदन प्रथम, गंगा सदन द्वतीय और यमुना सदन तृतीय स्थान पर रहा। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ज्योतिर्मयी सिकदार ने कहा कि खेलकूद शिक्षा का अभिन्न अंग है। शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी समान रुप से छात्रों को आगे आने के लिए उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रो. वाइस चेयरमैन रमेश गोयनका, प्रबंधन के प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा उपस्थित थे।